# शहंशाह का रीमेक बनाना चाहते हैं टीनू आनंद

बॉलीवुड निर्देशक टीनू आनंद अपनी सुपरहिट फिल्म शहंशाह का रीमेक बनाना चाहते हैं। चर्चा है कि टीनू आनंद फिर से शहंशाह बनाने का विचार कर रहे हैं। फिल्म में इस बार भी अमिताभ बच्चन टाइटल रोल निभाएंगे। टीनू आनंद ने कहा,मैं शहंशाह का रीमेक बनाऊंगा। लेकिन कोरोना वायरस के प्रकोप को पहले खत्म होने दीजिए। यह अभी चरम पर पर है और इसलिए मैं यह नहीं बता सकता कि मैं रीमेक कब शुरू करूंगा और कब रिलीज करूंगा।



टीनू आनंद ने बताया कि उनके पास कई लोग आए हैं और शहंशाह के राइट्स के लिए पूछ रहे हैं। टीनू आनंद को लगता है कि उन्हें खुद क्यों नहीं इसे बनाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। टीनू आनंद ने कहा कि स्टोरी में संशोधन होंगे जो आज के जमाने के अनुसार बनाई जाएगी। इस बारे में आगे बताते हुए उन्होंने कहा,शहंशाह 1988 में रिलीज़ हुई थीं। हम 2०2० में हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 1988 में प्रदर्शित टीनू आनंद निर्देशित शहंशाह में अमिताभ बच्चन, मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी जया बच्चन ने इंदर राज आनंद के साथ मिलकर लिखी थी। शहंशाह में अमिताभ ने टाइटिल किरदार निभाया था। फिल्म का डायॅलोग रिश्ते में तुम्हारे बाप लगते हैं, नाम है शहंशाह आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय है।

# काजोल को साड़ी पहनना क्यों है पसंद

ऑफ-स्क्रीन हो या ऑन-स्क्रीन अभिनेत्री काजोल को अक्सर साड़ी पहने देखा जाता है। काजोल का इस बारे में कहना है कि छह गज का यह परिधान उन्हें अधिक आरामदायक लगता है।

काजोल ने साड़ी के प्रति अपने प्रेम को जाहिर करते हुए कहा, मुझे वेस्टर्न आउटफिट्स भी बहुत पसंद हैं, लेकिन साड़ी आपको भीड़ से अलग करती है और मुझे लगता है कि वे ज्यादा आरामदायक हैं और मैं हर इवेंट में साड़ी पहनना पसंद करती हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे साड़ियों से अलग तरह का लगाव है, इसलिए मैं इन्हें खरीदती रहती हूं। और हां, मेरे पास एक बड़ा साड़ी कलेक्शन है जिसे मैं बेहद पसंद करती हूं। काजोल हाल ही में देवी नामक लघु फिल्म में नजर आई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं त्रिभंगा के माध्यम से अभिनेत्री नेटफ्लिक्स डेब्यू कर रही हैं।

# एक्टिव रहने के लिए ड्राइंग रूम में फुटबॉल खेलते दिखे टाइगर श्रॉफ

लॉकडाउन की वजह से कई सितारे जिम नहीं जा पा रहे हैं। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार टाइगर श्रॉफ भी हैं। हालांकि वे अपने घर पर ही फुटबॉल खेल कर खुद को एक्टिव रख रहे हैं। बागी 3 के अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्हें ड्राइंग रूम में फुटबॉल खेलते हुए और शाम को छत पर कसरत करते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने सिर्फ ट्रैक पैंट पहन रखे हैं, जिससे की उनके प्रशंसकों को इस बात की जानकारी मिल रही है कि उनके एब्स अभी भी वैसे ही हैं, जैसे पहले थे।

उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, जब हम बच्चे थे, मेरी मां ने हमें कभी घर में खेलने नहीं दिया, इस बार लगता है कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है।

# मै उड़ सकती हूं, गायब हो सकती है या..: देबिना बनर्जी

अभिनेत्री देबिना बनर्जी फिलहाल धारावाहिक अलादीन में मल्लिका नामक एक नकारात्मक किरदार निभा रही हैं। उन्हें इस तरह की एक फंतासी फिक्शन शैली में काम कर बेहद मजा आ रहा है। देबिना ने इस बारे में कहा, अब तक मुझे पर्दे पर कई तरह के किरदारों को निभाने का मौका मिला है, लेकिन फंतासी फिक्शन शैली, जिसका मैं अभी हिस्सा हूं, उस पर काम करने में मुझे वाकई में बहुत मजा आ रहा है। देबिना का ऐसा मानना है कि इस क्षेत्र में काम करने की सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसमें अपने हिसाब से अपने किरदार के साथ प्रयोग कर सकते हैं।

देबिना ने कहा, वह उड़ सकती है, गायब हो सकती है या जो चाहे वह कर सकती है, क्योंकि यह एक काल्पनिक दुनिया है और असल जिंदगी से इसे हटकर पेश करने के लिए इसमें अवधारणा के मुताबिक कुछ भी दिखाया जा सकता है और अलादीन में अपने किरदार को निभाने के इसी काम का मैं जमकर लुफ्त उठा रही हूं। देबिना रामायण और विष जैसे कार्यक्रमों में अपने किरदारों के लिए मशहूर हैं।

# पति के बाल काटते नजर आई टिस्का चोपड़ा

कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन में सिलेब्स अपने घरों पर हैं और परिवार के लोगों के साथ समय बिता रहे हैं। इसके साथ ही बी-टाउन सिलेब्रिटीज घरों पर काम भी कर रहे हैं। वहीं, चारंटाइन टाइम में फिल्म ऐक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा भी अनुष्का शर्मा की राह पर चल निकली हैं। दरअसल, अब टिस्का चोपड़ा अपने पति के बाल काटते नजर आईं।

टिस्का चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति संजय चोपड़ा के बाल काटते हुए तस्वी र शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा, अगर सिनेमा जल्द नहीं खुले तो नए करियर की तैयारी कर रही हूं। मेरे पहले क्लाइंट घर पर ही मिल गए, वह भी जरूरत की सर्विसेज करते हैं, इसलिए इस टाइम पैसे नहीं लिए...

हाल ही में अनुष्का शर्मा ने अपने पति

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



और भारतीय क्रिकेट टीम के कैप्टन विराट कोहली के बाल काटे थे। इसका वीडियो खुद अनुष्का शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था। इसमें अनुष्का शर्मा विराट कोहली के बाल काटते हुए नजर आ रही हैं और दोनों स्टार्स मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं।

टिस्का चोपड़ा लॉकडाउन के समय सोशल मीडिया पर अपडेट्स देती रहती हैं। वह इस समय योग, कुकिंग और फिल्म देखकर समय पास कर रही हैं। बता दें कि कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सरकार ने 21 दिन का लॉकडाउन घोषित किया।

# एकता कपूर के सेफ हैंड्स चैलेंज को दिव्यांका ने किया पूरा



बॉलीवुड सहित मनोरंजन जगत के तमाम सेलेब्रिटीज इन दिनों लोगों को कोरोनावायरस से संबंधित तमाम विषयों पर जागरूक करते हुए नजर आ रहे हैं। इनमें से एक है सेफ हैंड्स चैलेंज, जिसे अपनाकर ये सितारें लोगों को अपने हाथों को धोने के सही तरीकों के बारे में जानकारी दे रहे हैं, ताकि कोरोनावायरस के खिलाफ इस जंग में जल्द से जल्द जीत हासिल हो सकें। इस चैलेंज को अपनाने वाले सितारों की कड़ी में अब टेलीविजन अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी का भी नाम जुड़ गया है।

उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह अपने हाथों को साफ करती हुई नजर आईं।

धारावाहिक ये है मोहब्बतें में अपने किरदार के लिए मशहूर दिव्यांका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह अपने हाथों को काफी अच्छे से साफ करती हुई दिखाई दे रही हैं।



इस क्लिप के कैप्शन में उन्होंने लिखा, जो पिछले कुछ हैशटैग हैंडवॉश वीडियोज को देखने से चूक गए हैं और अब भी अपने हाथों को पुरानी शैली में धोते हैं, उनके लिए यह पोस्ट कर रही हूं क्योंकि मुझे नामांकित किया गया है..लेकिन क्या यह याद दिलाने का एक सही तरीका भी नहीं है? एकता कपूर आखिरकार इसे मैंने कर दिखाया।

बता दें, दिव्यांका को एकता कपूर ने इस चैलेंज के लिए नॉमिनेट किया था।

एकता ने इस पोस्ट के कमेंट में एक हार्ट ईमोजी के साथ लिखा, शानदार।

# घर का काम करना कोई बड़ी बात नहीं : आरती सिंह

बिगबॉस की प्रतिभागी अभिनेत्री आरती सिंह लॉकडाउन की अवधि के दौरान घर में अकेले ही वक्त काट रही हैं। वहीं कुछ लोगों को इस बात से भी परेशानी है कि घर के काम में उनका हाथ बंटाने के लिए कोई नहीं है, जिससे उन्हें परेशानी आ रही है। हालांकि आरती सिंह को ऐसी कोई समस्या नहीं आ रही है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हाथ में झाड़ू थाम रखा है और घर की सफाई करने में लगी हैं।



वीडियो में आरती कह रही हैं, मैं घर के कामों में अपनी मां की मदद करते हुए बड़ी हुई हूं। इसलिए चाहे घर की सफाई हो या खाना पकाने की बात हो मैंने यह सब एक किशोरी के रूप में किया है। तो, मदद नहीं मिलना मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं है। मेरे लिए सबसे बड़ी चिंता परिवार से दूर रहना और यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई सुरक्षित रहे। वह आगे कह रही हैं, मैं खाना बना सकती हूं, सफाई कर सकती हूं और वह सब कर सकती हूं, जिसकी जरूरत है, इसलिए बिग बॉस के घर में भी मैंने कभी किसी समस्या का सामना नहीं किया। मुझे इस बात की कोई चिंता नहीं थी कि मैं ये सारे काम कैसे करूंगी, क्योंकि मैं ये सब करते हुए बड़ी हुई हूं, विदेश में भी लोग ऐसे ही काम करते हैं, क्योंकि वहां नौकरानियां और घरेलू सहायिकाओं की कोई अवधारणा नहीं है।